5. सर्वप्रथम नियोजक की ओर से ली गई वैधानिक आपत्तियों पर विचार किया जाता है। श्रमिक ने अपने क्लेम में कोई भी रिट याचिका इस विवाद से संबंधित मामले में प्रस्तुत करने का अभिकथन प्रस्तुत नहीं किया है नियोजक के जवाब में जिस रिट याचिका को संदर्भित किया गया है उसे प्रस्तुत जो करने के तथ्य को बण्डल रीजोइण्डर के जरिये नहीं किया है। श्रमिक से जो जिरह की गई है उसमें उसने यह स्वीकार किया है कि 1988 में उसने उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका प्रस्तुत की थी जो नोटिस की तामील नहीं होने के कारण 1979 में खारिज हुई। यह भी श्रमिक ने स्वीकार किया है कि बैंक नियमों में परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने का जो प्रावधान है उसको रिट याचिका में चुनौती दी गई थी। श्रमिक का बयान होने के समय तक रिट याचिका विचाराधीन होने के तथ्य को जिरह में अस्वीकार किया गया है। श्रमिक का बयान न्यायाधिकरण में 4-3-95 को हुआ है। नियोजक की ओर से जो गवाह श्री भगवत सिंह मेहता प्रस्तुत हुए हैं उन्होंने अपने शपथ पत्र के पद सं. 4 में यह उल्लेख किया है कि रिट याचिका सं. 3279/87 के जरिये श्रमिक ने माननीय उच्च न्यायालय में प्रोबेशन से संबंधित नियमों को चुनौती दी थी। इसके अलावा उन्होंने इस संबंध में कोई भी तथ्य उल्लिखित नहीं किये हैं। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने बहस के समय रिट याचिका की कार्बन प्रतिलिपि प्रस्तुत की है जिस पर कोई विवाद नियोजक की ओर से नहीं किया गया है। इस रिट याचिका के जरिये यह अनुतोष मांगा गया है कि मेवाड़ आंचलिक ग्रामीण बैंक (स्टाफ रैगुलेशन्स 1981) (जिसे तत्पश्चात् संक्षेप में रेगूलेशन्स संबोधित किया जायेगा) के उप नियम 3 के नियम 13 को असंवैधानिक घोषित किया जावे व उसी के अनुरूप याचिकाकर्ता व उसके साथ नियुक्त अन्य अधिकारियों की वरिष्ठता का निर्धारण करने का निर्देश विपक्षी बैंक को दिया जावे। रिट याचिका में वर्णित तथ्यों से यह स्पष्ट है कि जिस नियम के तहत श्रमिक की परिवीक्षा अवधि बढ़ाई गई थी उसकी संवैधानिकता को चुनौती प्रार्थी द्वारा दी गई थी। रिट याचिका की प्रति के साथ श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि द्वारा 30-11-90 के आदेश की फोटो प्रति प्रस्तुत की गई है जिसमें यह उल्लेख है कि याचिकाकर्ता द्वारा नोटिस व तलबाना प्रस्तुत नहीं किया गया इसलिए रिट याचिका को खारिज किया जाता है। इससे यह स्पष्ट है कि जो रिट याचिका श्रमिक द्वारा प्रस्तुत की गई थी उसका निस्तारण माननीय उच्च न्यायालय द्वारा गुण दोष पर नहीं किया गया था इसलिए सामान्य विधि सिद्धान्तों के अनुसार रिट याचिका के प्रस्तुत होने से व उसके खारिज होने से रैस जुडीकेटा के सिद्धान्त लागू नहीं होते। एक दूसरा दृष्टिकोण यह भी महत्वपूर्ण है कि रिट याचिका में मात्र संबंधित नियम की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है इसलिए यदि उस नियम के संबंध में गुण दोष पर कोई निर्णय पारित भी किया जाता तो भी यह विवाद रैसजुडीकेटा के सिद्धान्त से प्रभावित नहीं होता क्योंकि इस विवाद के जरिये यह विनिश्चय किया जाना है कि नियम के अस्तित्व में होने के बावजूद तथ्यों व परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए श्रमिक की परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने का जो निर्णय प्रबन्धक द्वारा लिया गया है वह न्यायोचित है या नहीं? नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के एक निर्णय सरगूजा ट्रांसपोर्ट सर्विस बनाम राज्य परिवहन अपील अधिकरण, ग्वालियर ए.आई.आर. 1987 (एस.सी.) 88 के निर्णय को संदर्भित किया है। इस निर्णय में यह सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया है कि किसी भी उच्च न्यायालय के समक्ष संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत प्रस्तुत रिट याचिका को दुबारा एक रिट याचिका प्रस्तुत करने की अनुमति प्राप्त किये बिना यदि प्रत्याहरित किया जाता है तो याचिकाकर्ता अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार का उपयोग दुबारा नहीं कर सकता किन्तु यह भी प्रतिपादित किया गया है कि इस प्रकार के मामले में सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत करने अथवा अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका प्रस्तुत करने के लिए संबंधित प्रार्थी के मामले में रैस-जुडीकेटा के सिद्धान्त लागू नहीं होते। इस प्रकार जो विधि निर्णय नियोजक की ओर से प्रस्तुत किया गया है उसको व इस प्रकरण के तथ्यों को देखते हुए यह विनिश्चय किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत रिट याचिका व उसके तकनीकी आधार पर खारिज होने व उसमें क्लेम किये गये अनुतोष की प्रकृति को देखते हुए यह विवाद रैस जुडीकेटा के सिद्धान्त से प्रभावित नहीं होता व न्यायाधिकरण अधिनिर्णय देने के लिए सक्षम है।

6. यह मान्य स्थिति है कि प्रार्थी की नियुक्ति विपक्षी बैंक में 3-12-83 के आदेश प्रदर्श डब्ल्यू-1 से अधिकारी पद

पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की गई थी । इस नियुक्ति आदेश में नियुक्ति की अन्य शर्तें व प्रार्थी से संबंधित बैंक के कर्तव्यों व जिम्मेदारियों का भी उल्लेख किया गया है । यह भी मान्य स्थिति है कि नियुक्ति के पश्चात् श्रमिक को 8-2-84 से 6-3-84 तक इन्डक्शन ट्रेनिंग दी गई थी। इसके अलावा 10-3-84 से 7-5-84 तक बैंक के प्रधान कार्यालय में व विभिन्न शाखाओं में जोब ट्रेनिंग दी गई थी। जैसा कि नियोजक के जवाब के पद सं. 3 में वर्णित किया गया है । इस तथ्य का किसी भी रूप में खण्डन श्रमिक ने नहीं किया है व न ही इस पर कोई विवाद है । इसके आगे यह भी मान्य स्थिति है कि 15-5-84 से श्रमिक की नियुक्ति शाखा प्रबन्धक के रूप में बैंक की गोरखन विलास शाखा में की गई थी व परिवीक्षा काल में वृद्धि व सेवा में स्थाईकरण के समय तक वह उसी पद पर कार्यरत था ।

7. श्रमिक ने अपने शपथपत्र में व क्लेम में यह अभिकथित किया है कि बैंक में उसकी नियुक्ति अधिकारी के पद नाम से की गई थी किन्तु वास्तव में उसका कार्य व अधिकार किसी भी रूप में प्रबन्धकीय अथवा सुपरवाईजरी रूप में नहीं थे तथा जो कार्य वह करता था वह सम्पूर्ण रूप से लिपिकीय कार्य थे । कार्य का विवरण जो श्रमिक ने बताया है उसमें खाता खोलना, स्टेटमैंट बनाना, खातों का मूल्यांकन करना, ऋण पत्र भरना, राशि की वसूली करना तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की अनुपस्थिति में आवश्यकतानुसार उसका कार्य करना भी बताया गया है । नकारात्मक रूप से यह बताया गया है कि श्रमिक को किसी भी पद के कर्मचारी को नियुक्त करना का, वेतन देने का उस पर अनुशासनिक कार्यवाही करने का, उनको किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार नहीं था । इस संबंध में प्रदर्श डब्ल्यू -2 व डब्ल्यू-3 प्रलेख श्रमिक ने प्रस्तुत किये है । प्रदर्श डब्ल्यू-2 पत्र 14-1-87 का है जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि श्रमिक द्वारा अनाधिकृत रूप से गोपाल कृष्ण सोनी लिपिक को अवकाश स्वीकृत किया गया है जबकि श्रमिक को इस कार्य के लिए बैंक द्वारा अधिकार उपलब्ध कराये हुए नहीं थे । प्रदर्श डब्ल्यू -3 पत्र में मात्र यह उल्लेख है कि ब्रान्च मैनेजर का यह दायित्व है कि बैंक का सब कार्य समय पर पूर्ण किया जावे तथा लिपिक के अवकाश पर होने की स्थिति में भी शाखा प्रबन्धक को यह दायित्व है कि बैंक के कार्य में कोई व्यवधान नहीं हो । इन दोनों पत्रों से मात्र यह स्पष्ट होता है कि 1987 जनवरी तक शाखा मैनेजर को अपने अधीन कर्मचारियों का अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार नहीं था व प्रदर्श डब्ल्यू-3 पत्र से मात्र यह प्रकट होता है कि बैंक के सम्पूर्ण कार्य के निष्पादन की जिम्मेदारी शाखा मैनेजर की है व यदि कोई कर्मचारी अवकाश पर हो या अनुपस्थित हो तो उसके स्थान पर भी कार्य सम्पादन करने का दायित्व शाखा मैनेजर का होता है । दोनों तथ्य ऐसे हैं जिनको देखते हुए, सिर्फ उन्हीं के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि श्रमिक का मुख्य रूप से कार्य लिपिक के रूप में था न कि अधिकारी के रूप में ।

8. तथ्यों के संबंध में जो जिरह श्रमिक से हुई है उसमें उन्होंने स्वीकार किया है कि उसकी नियुक्ति के संबंध में बैंक के रेगुलेशन्स प्रभावी है, उसकी नियुक्ति प्रशिक्षण पश्चात् गोरखन विलास शाखा में ब्रांच मैनेजर के रूप में हुई थी, प्रारंभ में उस शाखा में ब्रांच मैनेजर के अलावा कोई भी कर्मचारी नियुक्त नहीं था व बाद में एक क्लर्क की नियुक्ति की गई थी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कोई भी नियमित नियुक्त नहीं था व दैनिक वेतन पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नियुक्त किया जाता था तथा उसकी नियुक्ति मुख्यालय से होती थी । इसके अलावा श्रमिक ने जिरह में बताया है कि शाखा में कार्य का कोई विभाजन नहीं था तथा सम्पूर्ण कार्य उसी के द्वारा किया जाता था । ऋण स्वीकृत करने के अधिकार के संबंध में गवाह ने बताया है कि शाखा को स्वतंत्र रूप से ऋण स्वीकृति के आदेश की पुष्टि मुख्यालय से होती थी । जिरह में प्रदर्श एम-1 बैंक के परिपत्र की ओर श्रमिक का ध्यान आकर्षित किया गया जिसे उसने अस्वीकार नहीं किया है किन्तु यह बताया है कि उनकी शाखा में यह परिपत्र प्राप्त हुआ या नहीं यह जानकारी नहीं है । गवाह का यह जवाब संतोषजनक नहीं है । सामान्य धारणा यह ली जानी चाहिये कि जो परिपत्र बैंक द्वारा जारी किये जाते हैं वे समस्त शाखाओं को भेजे जाते हैं व यदि कोई विशिष्ट परिपत्र ब्रान्च मैनेजर को प्राप्त नहीं हो तो स्पष्ट रूप से उसका खण्डन किया जाना आवश्यक है । प्रदर्श एम-1 परिपत्र के अनुसार 5,000/- रुपये तक की ऋण राशि स्वीकृत करने का स्वतंत्र रूप से अधिकार प्रत्येक शाखा मैनेजर को स्वीकृत किया हुआ है । इससे यह स्पष्ट है कि इस सीमा तक ऋण स्वीकृति के लिए मुख्यालय की पूर्व अनुमति लेना या स्वीकृति के आदेश की पुष्टि करना किसी भी रूप में आवश्यक नहीं है । प्रदर्श एम-2 परिपत्र भी ऋण की स्वीकृति के संबंध में शाखा मैनेजर्स को प्रदत्त अधिकार के संबंध में है जिसको जिरह में श्रमिक ने स्वीकार किया है । इसके अवलोकन से भी यह स्पष्ट है कि शाखा मैनेजर स्वतंत्र रूप से ऋण स्वीकृत करने के लिए संबंधित समय अधिकृत थे ।

9. श्रमिक ने अपनी जिरह में यह कहा है कि शाखा में जो कर्मचारी कार्यरत हैं उनका किसी प्रकार का अवकाश स्वीकृत करने का उसे अधिकार नहीं था व उसके अलावा उन पर कोई सुपरवीजन या नियन्त्रण प्रार्थी का नहीं था । नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने एक स्पष्ट सुझाव यह दिया है कि क्या प्रार्थी शाखा में कार्यरत कर्मचारियों के कार्य को मूक दृष्टिगत के रूप में देखते थे जिसका भी जवाब श्रमिक ने यह दिया है कि उन कर्मचारियों पर श्रमिक का कोई नियंत्रण नहीं था । यह जवाब निश्चित रूप से अस्पष्ट व अस्वीकार किये जाने योग्य है । शाखा मैनेजर के साथ शाखा में जो कर्मचारी कार्यरत हैं, स्वाभाविक रूप से व नियमानुसार उनके कार्य का सुपरवीजन करना व नियंत्रण करने की जिम्मेदारी ब्रांच मनेजर की होती है ।

10. नियोजक की ओर से जो गवाह श्री भगवत सिंह मेहता प्रस्तुत हुए हैं उन्होंने अपने बयान में यह बताया है कि

शाखा मैनेजर को 5,000/- रुपए तक का ऋण स्वीकृत करने का अधिकार दिया हुआ है व इसी प्रकार शाखा मैनेजर को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के बिल प्रतिहस्ताक्षरित करने का उनके अवकाश स्वीकृत करने का व अंशकालीन कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार दिया हुआ है । इसके अलावा उन्होंने यह बताया है कि श्रमिक की नियुक्ति अधिकारी, ब्रान्च मैनेजर के रूप में थी व बैंक के रैगूलेशन्स के अनुसार उनका दायित्व कार्य करने का अधिकारी के रूप में था न कि लिपिक के रूप में। जिरह में इस गवाह ने बताया है कि बैंक रैगूलेशन्स में ब्रान्च मैनेजर के जो कर्तव्य बताए गए हैं वे सब प्रार्थी द्वारा सम्पादित किए जाते थे व इसके अलावा खाता खोलना, स्टेटमैंट बनाना, खातों का मूल्यांकन करना, राशि वसूल करना आदि कार्य ब्रान्च मैनेजर के जिरह में बताए हैं व इसके अलावा मैनेजर के रूप में बैंक के हित में जो कार्य आवश्यक थे उनका निष्पादन भी शाखा मैनेजर द्वारा किया जाता है । उन्होंने यह स्वीकार किया है कि प्रार्थी को अपने अधीन किसी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने के अधिकार उपलब्ध नहीं हैं व न ही कोई स्थाई नियुक्ति करने के अधिकार बैंक द्वारा दिए हुए हैं । बैंक के डेलीगेशन पावर के अनुसार शाखा मैनेजर द्वारा अवकाश स्वीकृत करने के अधिकार उपलब्ध होना गवाह ने जिरह में होना बताया है व प्रदर्श डब्ल्यू-2 बाबत बताया है कि संभव है कि उस समय इस प्रकार के अधिकार शाखा प्रबन्धक को प्रदत्त किए हुए नहीं हों । ग्रामीण बैंक में सामान्यतः एक मैनेजर के अलावा एक कनिष्ठ लिपिक व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत होने के तथ्य को श्री मेहता द्वारा जिरह में बताया गया है । इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया है कि शाखा मैनेजर की अपने अधीनस्थ कर्मचारी के गोपनीय प्रतिवेदन भरने का अधिकार है किन्तु प्रार्थी द्वारा इस अधिकार का उपयोग किया गया अथवा नहीं इसकी उन्हें जानकारी नहीं है । बैंक की ओर से 1-11-83 को एक परिपत्र पत्रावली पर प्रस्तुत किया गया है जिसके जरिए शाखा मैनेजर को बैंक दैनिक वेतन पर अंशकालीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नियुक्त करने का अधिकार दिया हुआ है । इसी प्रकार 1-11-85 के आदेश के जरिए शाखा मैनेजर को अपने अधीन कर्मचारियों का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने व 28-1-86 के आदेश के जरिए उनके यात्रा भत्ता बिलों पर हस्ताक्षर करने का अधिकार शाखा प्रबन्धक को संचालक मण्डल द्वारा प्रदत्त किया हुआ है । इसके अलावा जहां तक मौखिक व प्रालेखीय साक्ष्य का प्रश्न है, प्रार्थी के कर्तव्य व आकारों के संबंध में और कोई भी साक्ष्य किसी पक्ष की ओर से प्रस्तुत नहीं हुई है जो साक्ष्य प्रस्तुत हुई है उससे विनिश्चय यह किया जाता है कि श्रमिक की नियुक्ति अधिकारी के रूप में ब्रांच मैनेजर के पद पर थी, उसका कार्य मुख्य रूप से अधिकारी के रूप में था व किसी कर्मचारी की अनुपस्थिति में उसके द्वारा उसके कार्य का सम्पादन किया जाता था व एक निश्चित सीमा तक ऋण स्वीकृत करने, कर्मचारियों पर नियंत्रण रखने, उनसे कार्य लेने, उनका अवकाश स्वीकृत करने, उनके यात्रा भत्ता बिलों पर प्रति-हस्ताक्षर करने जैसे अधिकार शाखा मैनेजर को उपलब्ध थे व निश्चित रूप से यह समस्त कार्य लिपिकीय कार्य की परिभाषा में नहीं आता है बल्कि प्रशासनिक व मैनेजर के रूप में किए जाने कार्य की परिभाषा में आते हैं । धारा 2(एस) औद्योगिक विवाद अधिनियम में जो श्रमिक की परिभाषा दी गई है व जिन परिस्थितियों में उनके अपवाद को परिभाषित किया गया है उसे देखते हुए व श्रमिक के कार्यों को देखते हुए न्यायाधिकरण की राय में वह श्रमिक की परिभाषा में नहीं आता है । इसके अलावा श्रमिक के नियुक्ति पत्र में जो शर्तें वर्णित हैं तथा बैंक के रैगूलेशन्स में अधिकारी के जो कर्तव्य व दायित्व परिभाषित हैं उन पर अलग से विचार इसी दृष्टि से किया जाएगा ।

11. प्रार्थी का नियुक्ति आदेश प्रदर्श-डब्ल्यू-1 है । उनके पद सं. 8 में नियुक्ति की जो शर्तें उल्लिखित हैं उनके अनुसार ब्रान्च मैनेजर/अधिकारी का दायित्व ब्रांच का नियमित कार्य, बैंक जमा हेतु कन्वैसिंग करना, ऋण स्वीकृत करना, स्टाफ का प्रशिक्षण, सुपरवीजन व बैंक के हित में आवश्यकतानुसार अन्य सुसंगत कार्य करना है । बैंक के रैगूलेशन के नियम 3 के अनुसार बैंक की शाखा के मनेजर, प्रशासनिक अधिकारी, लेखाकार, फील्ड अधिकारी, फील्ड सुपरवाईजर व फील्ड सहायक को अधिकारी के रूप में परिभाषित किया गया है । इसके अलावा क्लर्क, कैशियर, टाईपिस्ट, स्टैनोग्राफर, ड्राईवर, चपरासी व स्वीपर को कर्मचारी के रूप में परिभाषित किया गया है । रैगूलेशन के नियम 2(एच) में प्रबन्धक की जो परिभाषा दी गई है उसके अनुसार संबंधित समय शाखा के प्रभारी अधिकारी के रूप में उसे परिभाषित किया गया है । रैगूलेशन के नियम 16 में अधिकारी का कार्य बैंक के व्यवसाय हेतु अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्य करना बताया गया है । श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि द्वारा प्रदर्श डब्ल्यू-1 नियुक्ति पत्र में वर्णित शर्तों व रैगूलेशन्स के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में कोई भी विवाद नहीं किया गया है तथा यह न्यायाधिकरण स्वाभाविक रूप से प्रभावी रैगूलेशन्स को असंवैधानिक या अवैधानिक घोषित करने के लिए सक्षम नहीं है । प्रार्थी की ओर से यह तर्क भी सारवान रूप से दिया गया है कि नियुक्ति पत्र में वर्णित शर्तों व रैगूलेशन में वर्णित प्रावधानों को देखते हुए प्रार्थी किसी प्रकार अधिकारी की परिभाषा में नहीं आता है। श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी बहस के समर्थन में श्रम न्यायालय, जयपुर द्वारा धारा 33-सी (2) के प्रार्थना पत्र सं. 15/85 में दिए गए एक निर्णय दिनांक 20-3-87 की फोटो प्रति पेश कर यह तर्क दिया है कि उस निर्णय में ग्रामीण बैंक के अधिकारी को श्रमिक की परिभाषा में माना गया है व जो कारण निर्णय में उल्लिखित किए गए हैं वे तर्कसंगत व सारवान हैं इसलिए उन पर विचार किया जाकर प्रार्थी को श्रमिक माना जाए । संबंधित विद्वान न्यायाधीश द्वारा जो निर्णय पारित किया गया है वह जिन तर्क पर आधारित है उनके संबंध में कोई भी व्याख्या या आलोचना करने का क्षेत्राधिकार इस न्यायाधिकरण को नहीं है किन्तु यह एक मान्य विधि सिद्धान्त है कि वह निर्णय इस न्यायाधिकरण के

लिए किसी भी प्रकार बाध्य नहीं है व जो तर्क माननीय न्यायाधीश द्वारा दिए गए हैं उन पर विचार किया जा सकता है यदि वे किसी भी रूप में सुसंगत हों। न्यायाधिकरण द्वारा उस निर्णय को पढ़ा गया किन्तु उनमें प्रस्तुत तर्क को देखते हुए प्रार्थी को श्रमिक की परिभाषा में मानने की संतुष्टि किसी प्रकार उपलब्ध नहीं होती।

12. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए कुछ विधि दृष्टान्त यह प्रमाणित करने के लिए प्रस्तुत किए हैं कि प्रार्थी श्रमिक की परिभाषा में आता है जो निम्न प्रकार है :

1. एन. के. वर्मा बनाम महेश चन्द्र 1983 लैब. आई. सी. (एस. सी.) 1483
2. इंडियन आयरन एंड स्टील कम्पनी बनाम श्रमिकगण एस. सी. एल. जे. (1950-67) (वाल्यूम II) 1023
3. नेशनल इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रीज बनाम श्रीकिशन बाहेरिया ए. आई. आर. 1988 (एस. सी.) 329
4. वेद प्रकाश गुप्ता बनाम डैल्टन केबिल्स इंडिया प्रा. लि. 1984 (II) एल. एल. एन. (एस. सी.) 27
5. मैसर्स इंटर ग्लोब एरिया ट्रांसपोर्ट 1994 लैब. आई. सी. (बम्बई) 1095

13. उक्त सभी संदर्भित विधि निर्णयों में जो सिद्धान्त प्रतिपादित किये गये हैं वे इस प्रकार हैं कि मात्र पद नाम से यह निर्धारित नहीं किया जा सकता कि कोई भी व्यक्ति अधिकारी की परिभाषा में आता है अथवा श्रमिक की, इसके लिए नियुक्ति की शर्तें व उसके द्वारा किये जाने वाले कार्य की प्रकृति पर विचार किया जाना आवश्यक व अपेक्षित है। यह भी अभिनिर्धारित किया गया है कि मुख्य रूप से किसी कर्मचारी द्वारा जो कार्य किया जाता है उसी से उसके पद की प्रकृति का निर्धारण किया जाना अपेक्षित है व यदि मुख्य कार्य के साथ आकस्मिक रूप से व आवश्यक रूप से उसके द्वारा कोई अन्य कार्य भी आवश्यकतानुसार सम्पूर्ण किया जाता है तो उससे उसके कार्य की प्रकृति का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। निष्कर्ष यह है कि हर मामले में कोई कर्मचारी अधिकारी की परिभाषा में आता है अथवा श्रमिक की यह तथ्यों को देखते हुए उपलब्ध विधि दृष्टान्तों की दृष्टि से निर्धारित किया जाना आवश्यक है।

14. नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि द्वारा श्रमिक की ओर से प्रस्तुत विधि दृष्टान्तों के विपरीत निम्न निर्णय प्रस्तुत किये गये हैं :

1. एच.आर. आदित्यनाथ बनाम सैन्डोज लि., जे. टी. 1994 (5) एस.सी. 176

15. उक्त संदर्भित निर्णय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपने पूर्व में दिये गये एस.के. वर्मा में प्रतिपादित सिद्धान्तों से असहमति व्यक्त की गई है व धारा 2 (एस) अधिनियम में दी गई श्रमिक की परिभाषा व विक्रय एजेण्ट के कृत्य व दायित्वों को देखते हुए यह प्रतिपादित किया गया है कि वह अधिकारी की परिभाषा में नहीं आता है।

16. दोनों पक्षों की ओर से जो विधि दृष्टान्त प्रस्तुत किये गये हैं व इस प्रकरण के तथ्यों पर जो विस्तृत विवेचन किया गया है उन पर सामूहिक रूप से विचार करने से यह विनिश्चय किया जाता है कि वर्तमान प्रार्थी द्वारा धारा 2 (एस) के तहत श्रमिक की परिभाषा में नहीं आता है व इस कारण यह विवाद सुनवाई योग्य नहीं है। चूंकि माननीय सर्वोच्च न्यायालय व विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा यह प्रतिपादित किया गया है कि अंतिम बहस के पश्चात् मामले के गुण दोष पर निस्तारण किया जाना चाहिये ताकि रिमाण्ड की संभावना को कम किया जा सके इसलिए गुण दोष पर भी विचार कर यह विनिश्चय किया जाना अपेक्षित है कि नियोजक द्वारा श्रमिक की परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने का जो आदेश दिया गया है वह न्यायोचित है अथवा नहीं।

17. नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने अपने जवाब व बहस में यह तर्क दिया है कि संबंधित नियमों के अनुसार परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने का विवेकाधिकार नियोजक को उपलब्ध है तथा जब तक किसी शिकायत या दुराचरण के आधार पर यह कार्यवाही नहीं की जा सकती तब तक संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस दिया जाना अथवा उसका स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाना आवश्यक नहीं है। उनका यह भी कथन है कि जब तक संबंधित कर्मचारी द्वारा यह साबित नहीं किया जावे कि नियोजक द्वारा कार्यवाही जो की गई है वह दुर्भावना आधारित है अथवा उसका कोई भी आधार नहीं है उसी स्थिति में न्यायाधिकरण उस कार्यवाही को अवैधानिक मान सकती है व इस प्रकरण में इस प्रकार के कोई भी तथ्य उपलब्ध नहीं हैं। श्रमिक की परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने का जो आदेश पारित किया गया है उसमें मात्र यह लिखा गया है कि नियुक्ति की शर्तों व रैगूलेशन्स के प्रावधानों को देखते हुए श्रमिक की परिवीक्षा अवधि में वृद्धि की जाती है। कोई भी कारण उसमें उल्लिखित नहीं है इसलिए आदेश को देखते से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि किसी भी शिकायत अथवा दुराचरण के आधार पर नियोजक द्वारा उक्त कार्यवाही की गई थी। दोनों पक्षों ने अपने क्लेम, जवाब व साक्ष्य में यह बताने का प्रयास किया है कि किस प्रकार नियोजक की कार्यवाही अनुचित/उचित है। तथ्यों पर इस संबंध में बाद में विचार किया जायेगा। श्रमिक की ओर से नियोजक की ओर से प्रस्तुत विधिक दृष्टिकोण के संबंध में कोई भी निर्णय प्रस्तुत नहीं किया गया है। नियोजक द्वारा अपने तर्क के समर्थन में जो विधि दृष्टान्त प्रस्तुत किये गये हैं वे निम्न प्रकार हैं :—

1. देवाराम बनाम राजस्थान राज्य, एस.एल.आर. 1980 (1) (राज.) 820

2. वी.के. जार्ज बनाम भारत संघ, एस.एल.आर. 1969 (केरल) 560

3. राणेन्द्र चन्द्र बनर्जी बनाम भारत संघ ए.आई. आर. 1963 (एस.सी.) 1552

4. रमेश चन्द्र शुक्ल बनाम एटोमिक एनर्जी विभाग व अन्य एस.एल.आर. 1994 (8) केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण हैदराबाद, 386

18. उक्त सभी संदर्भित विधि दृष्टान्त में यह प्रतिपादित किया गया है कि यदि किसी भी स्टिगमा के बिना परिवीक्षा अधीन कर्मचारी की परिवीक्षा अवधि में उसका कार्य असंतोषजनक होने के कारण वृद्धि की जाती है अथवा उसकी सेवा समाप्त की जाती है तो अनुच्छेद 311 के प्रावधान लागू नहीं होते व उस स्थिति में श्रमिक को कारण बताओ नोटिस देना या उससे स्पष्टीकरण प्राप्त करना आवश्यक नहीं है। अंतिम संदर्भित निर्णय में यह भी प्रतिपादित किया गया है कि अभिलेख से यदि यह प्रकट होता हो कि परिवीक्षा अवधि में कर्मचारी के कार्य के संबंध में त्रुटियां पाई गई व समय-समय पर उसे चेतावनी दी गई तो वह उसकी परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने का पर्याप्त आधार माना जाना चाहिये। उपलब्ध विधि सिद्धान्तों की दृष्टि से इस प्रकरण के तथ्यों पर विचार किया जायेगा।

19. श्रमिक ने अपने क्लेम व शपथ पत्र के पद सं. 5 में यह उल्लिखित किया है कि संबंधित ग्रामीण बैंक की जितनी शाखाएं थीं उनमें कार्यकुशलता के हिसाब से उनकी शाखा का क्रम काफी ऊपर था अंकेक्षण के समय उनका कार्य संतोषजनक पाया गया था व व्यवसाय के हिसाब से भी उनके कार्य के प्रति अच्छी टिप्पणी की गई थी व वसूली कार्यवाही भी संतोषजनक थी किन्तु उसके बावजूद उनकी परिवीक्षा अवधि में वृद्धि की गई। अपने कथन के समर्थन में प्रार्थी ने प्रदर्श डब्ल्यू-4 से डब्ल्यू-7 प्रलेख प्रस्तुत किये हैं। प्रदर्श-4 से 6 बैंक के अध्यक्ष द्वारा जारी प्रमाणपत्र हैं जिनमें बैंक की ऋण वसूली व अन्य कार्य के लिए उनके सहयोग की सराहना की गई है। प्रदर्श डब्ल्यू-7 बैंक द्वारा जारी विभिन्न शाखाओं की रैंकिंग की तालिका है जिसके अनुसार दिसम्बर 1984 से दिसम्बर 1985 के बीच गोरधन विलास शाखा की रैंक क्रमशः 14, 13, 10, 17 व 13 बताई गई है। इन तथ्यों को जवाब में नियोजक द्वारा स्वीकार नहीं किया गया है। इसके बावजूद कोई भी जिरह इन तथ्यों पर श्रमिक से नहीं की गई है इसलिए जो तथ्य उसके द्वारा वर्णित किये गये हैं व चूंकि उनके समर्थन में प्रदर्श डब्ल्यू-4 से डब्ल्यू-7 प्रलेख प्रस्तुत किये गये हैं उनको अस्वीकार करने का कोई भी कारण नहीं हो सकता।

20. नियोजक द्वारा अपने जवाब में यह बताया गया है कि परिवीक्षा अवधि में प्रार्थी द्वारा अवकाश स्वीकृत कराये बिना व कोई भी अवकाश बकाया न होते हुए अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित होना बताया गया था, 28-8-85 से 31-8-85 के बीच की अवधि का अवकाश बिना स्वीकृत कराये व अपने अधीनस्थ कर्मचारी को चार्ज देकर चला गया व इसके अलावा सितम्बर 1985 से नवम्बर 1985 के बीच उसके द्वारा पीरियोडीकल रिटर्नस समय पर प्रस्तुत नहीं किये गये जिसके लिए 23-12-85 को अर्द्ध शासकीय पत्र भी भेजा गया था व इसके अलावा परिवीक्षा अवधि में यह पाया गया कि प्रार्थी द्वारा अपने कार्य में वांछित रुचि नहीं ली जाती थी। जवाब में दिसम्बर 1984 से दिसम्बर 1985 के बीच मेवाड़ ग्रामीण बैंक की कुल शाखाएं क्रमशः 52, 57, 57, 58 व 58 बताई गई हैं व उसमें कार्य के अनुसार गोरधन विलास शाखा की स्थिति जमा व ऋण के हिसाब से क्रम सं. 14, 49, 24, 42 व 29 पर बताई गई है जवाब में उल्लिखित तथ्यों के समर्थन में नियोजक की ओर से एक गवाह श्री भगवंत सिंह मेहता को साक्ष्य में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने अपने शपथ पत्र में उन्हीं तथ्यों का पुनः उल्लेख किया है जो नियोजक द्वारा जवाब में अभिकथित किये गये हैं। प्रदर्श डब्ल्यू-7 जो प्रलेख श्रमिक ने प्रस्तुत किया है उसे सही होना गवाह ने जिरह में स्वीकार किया है व यह भी बताया है कि तुलनात्मक अध्ययन के अनुसार प्रार्थी की शाखा से नीचे भी अन्य शाखाओं का कार्य के अनुसार वर्गीकरण किया गया था। अन्य कोई भी जिरह गवाह से नहीं की गई है।

21. श्रमिक के विद्वान प्रतिनिधि ने अपनी बहस में यह बताया है कि जिस अवधि में श्रमिक द्वारा बिना अवकाश स्वीकृत कराये अवकाश पर जाना बताया गया है व अवकाश बाद में बैंक द्वारा स्वीकृत कर दिया गया था तथा इसका कारण श्रमिक की बीमारी था जिसका प्रमाणपत्र भी बाद में प्रस्तुत किया गया था। संबंधित प्रलेख यद्यपि साक्ष्य में प्रस्तुत नहीं हुआ है किन्तु उनके पठन से यह स्पष्ट है कि बाद में यह अवकाश श्रमिक को स्वीकृत कर दिया गया था। नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि का यह तर्क है कि बाद में अवकाश स्वीकृत करने से प्रार्थी की लापरवाही व ड्यूटी के प्रति उदासीनता का जो तथ्य है वह किसी भी रूप में समाप्त नहीं होती है। इसके अलावा स्वयं श्रमिक की ओर से जो प्रलेख प्रस्तुत किये गये हैं उनमें प्रदर्श डब्ल्यू-2 से यह प्रकट होता है कि श्रमिक द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारी को बिना अधिकारिता के अवकाश स्वीकृत किया गया था व उस समय भविष्य में सावधान रहने की श्रमिक को चेतावनी दी गई थी। समय पर पीरियोडीकल रिटर्नस नहीं भेजने व उस संबंध में अर्द्ध शासकीय पत्र श्रमिक को भेजे जाने की जो साक्ष्य श्री मेहता ने प्रस्तुत की है उस पर कोई भी जिरह नहीं है व इसके अलावा इस संबंध में दिनांक 23-11-85, 19-8-84, 17-1-85 के पत्रों की फोटो प्रति पत्रावली पर उपलब्ध है। श्रमिक ने समय-समय पर अपने को जारी पत्रों के संबंध में परिवेदना प्रतिवेदन नियोजक को प्रस्तुत किया था जिस पर समुचित विचार किया जा कर वह 13-1-87 के पत्र से खारिज किया गया।

22. जिन तथ्यों पर तर्कसंगत रूप से पूर्व में विचार किया गया है उनके विवेचन व पठन से यह स्पष्ट है कि श्रमिक की परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने के लिए व उसका कार्य उस अवधि में असंतोषजनक मानने के लिए युक्तिसंगत आधार नियोजक के पास उपलब्ध था। किसी भी एक घटना या कार्य में श्रमिक का कार्य संतोषजनक या असंतोषजनक होना नहीं माना जा सकता तथा सामूहिक रूप से श्रमिक के दायित्व व कार्य के प्रति तमाम उपलब्ध तथ्यों को देखते हुए नियोजक द्वारा जो दृष्टिकोण लिया जाता है। उस पर विचार किया जाना अपेक्षित है। निष्कर्ष यह है कि जो तथ्य पक्षावली पर उपलब्ध हैं उनको देखते हुए यह विनिश्चय किया जाना उचित नहीं है कि अकारण या बिना किसी आधार के श्रमिक की परिवीक्षा अवधि में वृद्धि की गई थी।

23. श्रमिक ने अपने क्लेम, शहादत व कुछ प्रलेख के जरिये यह अभिकथित किया है कि पोरियोडीकल रिटर्न्स व कार्य के संबंध में जिस प्रकार के पत्र उसे दिये गये थे वैसे अन्य परिवीक्षा अधीन अधिकारियों को भी दिये गये थे वे किन्तु उनकी परिवीक्षा अवधि में वृद्धि नहीं की गई व इस प्रकार श्रमिक के साथ भेदभावपूर्ण नीति को अपनाया गया। प्रदर्श डब्ल्यू-9 व डब्ल्यू-10 दो पत्र इस संबंध में प्रस्तुत किये गये है जो क्रमश : श्री ए. के. कटारा व श्री घनश्याम सिंह के नाम अध्यक्ष द्वारा संशोधित हैं। इन पत्रों का कोई जवाब संबंधित अधिकारीगण द्वारा दिया गया हो व उन पर कोई कार्यवाही नियोजक ने की हो ऐसी किसी की साक्ष्य या प्रलेख से प्रकट नहीं होता। नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि का कथन है कि इन दो अधिकारियों के मामले में यह संभव है कि उनके स्पष्टीकरण के बाद व उनके कार्य का हर प्रकार से मूल्यांकन करने के पश्चात प्रबन्धक द्वारा उनकी परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करना उचित नहीं माना गया हो किन्तु इस आधार पर श्रमिक को कोई भी लाभ प्राप्त नहीं हो सकता। उनका यह तर्क निश्चित रूप से मानने योग्य है। श्रमिक को गुण दोष पर अपने क्लेम को साबित करना आवश्यक है व इसके अलावा उक्त दोनों अधिकारियों के संबंध में उपलब्ध साक्ष्य से यह मानने का भी आधार नहीं है कि दुर्भावना के कारण उनके व प्रार्थी के मामले में नियोजक द्वारा कोई भेद किया गया हो।

24. श्रमिक ने अपने क्लेम, शहादत में यह बताया है कि वह संबंधित समय एसोसियेशन का अध्यक्ष व महासचिव था व इस कारण बैंक के अध्यक्ष उनकी गतिविधि से नाराज थे व इसी कारण उसके खिलाफ परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने की कार्यवाही की गई दुर्भावना के विशिष्ट तथ्य उल्लिखित नहीं किए गए हैं। किसी भी अधिकारी का नाम लिखित नहीं किया गया है न ही कोई उदाहरण इस सम्बन्ध में प्रस्तुत किया गया है। प्रदर्श डब्ल्यू-11 के प्रदर्श डब्ल्यू-13 जो प्रलेख प्रस्तुत हुए है उनसे यह निश्चित रूप से प्रमाणित होता है कि प्रार्थी संबंधित समय में बैंक की अधिकारी एसोसियेशन का अध्यक्ष व महासचिव था किन्तु मात्र इसी से यह धारणा नहीं ली जा सकती कि प्रबन्धक पक्ष उससे दुर्भावना रखते थे। दुर्भावना का तथ्य साबित करने के लिए विशिष्ट वह स्पष्ट साक्ष्य प्रस्तुत होना आवश्यक है। नियोजक के गवाह श्री मेहता ने अपने शपथ पत्र में तथा नियोजक द्वारा प्रस्तुत जवाब में इन तथ्यों का खण्डन किया है व उन पर कोई भी सारवान जिरह नहीं की गई है। निष्कर्ष यह है कि श्रमिक की यह प्रतिरक्षा मानने योग्य है कि एसोसियेशन की गतिविधि के कारण दुर्भावना स्वरूप उसके खिलाफ परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने की कार्यवाही की गई थी।

25. नियोजक के विद्वान प्रतिनिधि ने एक विधिक तर्क यह भी प्रस्तुत किया है कि रेगूलेशन में परिवीक्षा में वृद्धि करने का व उसके परिणामस्वरूप वरिष्टता प्रभावित होने का जो प्रावधान है उसकी विधिक प्रावधान के अनुसार चुनौती दिये बिना व उनको असंवैधानिक घोषित कराये बिना श्रमिक गुण दोष के बावजूद भी कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है रेगूलेशन में जो प्रावधान है उनपर श्रमिक की ओर से कोई विवाद नहीं किया गया है इसलिए यदि परिवीक्षा अवधि में वृद्धि करने के आदेश को अपास्त नहीं किया जाता है तो निश्चित रूप से वरिष्टता के संबंध में भी श्रमिक कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं हो सकता। अन्य कोई भी तर्क वितर्क किसी पक्ष की ओर से प्रस्तुत नहीं किया गया है।

26. निर्देशित विवाद का अधिनिणय इस प्रकार किया जाता है कि प्रार्थी गोपेश मोहन शर्मा की परिवीक्षा अवधि प्रबन्धक, मेवाड आंचलिक ग्रामीण बैंक द्वारा वृद्धि करने की कार्यवाही उचित एवं न्यायसंगत है वह इस कारण प्रार्थी कोई भी अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

27. अवार्ड आज दिनांक 8-8-1995 को लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जाये :

क एल. व्यास, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 1996

का०आ० 480 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार महाकौशल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के प्रबंध तंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण जबलपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 25—1—96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल०-12012/52/93/आई. आर. बी-I]

पी० जे०-माईकल, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 30th January, 1996

S.O. 480.—In pursuance of Section II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Mahakoshal Gramin Bank and their workman, which was received by the Central Government on 25-1-96

[No. L-12012/52/93-IRBI]

P. J. MICHAEL, Desk Officer

ANNEXURE

IN THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, JABALPUR (MP)

CASE REF. NO. CGIT/LC(R)(106)/1993

BETWEEN

Shri Rajendra Prasad Dubey C/o Shri P. N. Sharma, Plot No. 138, Shakti Nagar (Gupteshwar) Jabalpur (MP)-482001.

AND

The Chairman, Mahakoshal Kshetriya Gramin Bank, Head Office, 164, Shivaji Ward, Civil Lines, Narsinghpur (MP).

PRESIDED IN : By Shri Arvind Kumar Awasthy.

APPEARANCES :

For workman : Shri P. N. Sharma.

For Management : Shri Raroria.

INDUSTRY : Banking DISTRICT : Narsingpur (MP)

AWARD

Dated : January 10, 1996

This is a reference made by the Central Government, Ministry of Labour, New Delhi, vide Notification No. L-12012/52/93-IR(B-I) Dated 27-5-1993, for adjudication of the following industrial dispute :—

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Mahakaushal Kshetriya Gramin Bank in terminating the services of Shri Rajendra Prasad Dubey with effect from 9-8-1988 is legal and justified ? If not, to what relief the workman is entitled to ?"

2. Statement of claim and the rejoinder was filed by the parties. Terms of reference was made the issue in the case. Workman was examined and the evidence was closed. Then the case was posted for the evidence of the management. However, the Settlement was filed by the parties. Terms of the Settlement are just and proper and it is duly verified. Following are the terms of Settlement :—

1. That the applicant Shri Rajendra Prasad Dubey is ready and willing to withdraw his case mentioned above which is at present pending with you, provided the applicant is given a fresh appointment to the post of Cashier/Clerk in Mahakaushal Kshetriya Gramin Bank, Narsinghpur and will not press his claim for back wages, seniority and other consequential benefits whatsoever.

2. That the management has considered the application dated 10-10-95 of the applicant sympathetically and agrees to offer regular fresh appointment to the applicant named above to the post of Cashier/clerk in the bank on the terms and conditions mentioned above after notification in the Gazette of Govt. of India as and when the Award received by Bank.

3. Consequently, award is passed in terms of the Settlement. Parties to bear their own costs.

ARVIND KUMAR AWASTHY, Presiding Officer

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 1996

का०आ० 481 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जबलपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 24-1-96 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल०-12012/182/94/आई०आर०बी०-II]

बी० के० शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 31st January, 1996

S.O. 481.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Central Bank of India and their workmen, which was received by the Central Government on 24-1-96.

[No. L-12012/182/93-IR(B-II)]

V. K. SHARMA, Desk Officer

ANNEXURE

IN THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, JABALPUR (MP)

CASE REF. NO. CGIT/LC(R)(28)/1994

BETWEEN

Shri Goverdhan Lal S/o Shri Ratanlalji Parmar, R/o Chanderpura, Mandsaur (MP).

AND

The Regional Manager, Central Bank of India, 690, Shastri Nagar, Ratlam (MP).

PRESIDED IN : By Shri Arvind Kumar Awasthy.

APPEARANCES :

For Workman : Shri Modi, Advocate.

For Management : Shri G. S. Yadav.

INDUSTRY : Banking DISTRICT : Ratlam (MP)

AWARD

Dated : January, 8, 1996

This is a reference made by the Central Government, Ministry of Labour, vide its Notification No. L-12012/182/93-IR (B-II) dated 1st March, 1994, for adjudication of the following industrial dispute :—

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Central Bank of India, Ratlam in terminating the services of Shri Goverdhanlal, Driver with effect from 8-7-1992 is justified ? If not, what relief, is the workman entitled to?"

2. Reference was received by the Tribunal on 11-3-1994 and inspite of the repeated notices to the workman, the workman has not filed the statement of claim. The workman appeared on 14-12-1994 and again on 24-2-1995 and requested for adjournment to file the statement of claim. Ultimately, none appeared for the workman and the statement of claim was also not filed by him. The prayer of the management to pass a no dispute award appears to be just and proper. Workman is not interested in pursuing the dispute. As such, no disnute award is hereby passed. No order as to costs.

ARVIND KUMAR AWASTHY, Presiding Officer

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 1996

का०आ० 482 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार केनारा बैंक के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में, औद्योगिक अधिकरण मद्रास के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 24-1-1996 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल०-12012/35/95-आई०आर० (बी-) 2]

वी० के० शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 31st January, 1996

S.O. 482.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Madras as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Canara Bank and their workmen which was received by the Central Government on 24-1-96.

[No. L-12012/35/95-I.R. (B-II)]

V. K. SHARMA, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE INDUSTRIAL TRIBUNAL, TAMIL NADU MADRAS

Friday, the 15th day of December, 1995

PRESENT:

Thiru N. Subramanian, B.A.B.L., Industrial Tribunal

Industrial Dispute No. 58 of 1995

(In the matter of the dispute for adjudication under Section 10(1)(d) of the Industrial Disputes Act, 1947 between the Workman and the Management of Canara Bank, Madras).

BETWEEN :

Sri S. Jaisankar,
E-36/C, P & T Qaurters,
Anna Nagar (W), Madras-40.

AND

General Manager,
Canara Bank,
563/1, Anna Salai,
Madras Circle Office, Teynampet,
Madras-18.

REFERENCE :

Order No. L-12012/35/95-IR(B.II), dated 25-8-95, Ministry of Labour, Govt. of India, New Delhi.

This dispute coming on this day for final disposal in the presence of Thiru R. Krishnamachari, Advocate appearing for the Management upon perusing the reference and other connected papers on record and the Workman being absent, this Tribunal passed the following,

AWARD

This reference has been made for adjudication of the following issue :—

"Whether the action of the Management of Canara Bank, Madras in terminating the services of Sri S. Jaisankar, Coolie w.e.f. 30-5-88 is legal and justified ? If not, what relief is the concerned workman entitled to ?"

No representation for the Petitioner. Petitioner called absent at 11.00 a.m. When the case was called at 4.30 p.m., there is no representation for the petitioner. Petitioner was called absent. The petitioner was absent even from the date of first hearing. Hence Industrial dispute is dismissed for default. No costs.

Dated, this the 15th day of December, 1995

Thiru N. Subramanian, B.A.B.L., Industrial Tribunal

नई दिल्ली, 31 जनवरी, 1996

का०आ० 483 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कलकत्ता के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 25-1-1996 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल०-12012/411/92-आई०आर०बी०]

वी० के० शर्मा, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 31st January, 1996

S.O. 483.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal, Calcutta as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the employers in relation to the management of Central Bank of India and their workmen, which was received by the Central Government on 25-1-96.

[No. L-12012/411/92-IR (B-II)]

V. K. SHARMA, Desk Officer

ANNEXURE

CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL AT CALCUTTA

Reference No. 26 of 1993

PARTIES :

Employers in relation to the management of Central Bank of India.

AND

Their workmen

PRESENT :

Mr. Justice K. C. Jagadeb Roy, ...Presiding Officer

APPEARANCES :

On behalf of Managemest.—Mr. S. C. Ghosh, Deputy Chief Officer (Law).

On behalf of Workmen.—None.

STATE : West Bengal. INDUSTRY : Banking.

AWARD

By Order No. L-12012/411/92-IR (B-II) dated 8-4-1993 the Central Government in exercise of its powers under Section 10(1)(d) and (2A) of the Industrial Disputes Act, 1947, referred the following dispute to this Tribunal for adjudication :—

"Whether the claim of the Central Bank of India Employees Association, Calcutta that the transfer orders of Shri Debasis Chowdhury and Shri S. P. Badyokar to Kharagpur Branch and Debshala Branch respectively issued by the Regional Manager, Durgapur do not violate the transfer policy of the Bank is justified ? If not, was the Zonal Manager justified in cancelling the transfer orders and shifting the workmen back to their initial place ? What relief, if any, are the workmen entitled to ?"

2. The workmen had filed their written statement on 20-7-1993 signed by the General Secretary of the Central Bank of India Employees Association, Management had filed theirs on 15th May 1995 being verified by the Chief Officer, Zonal Office, Central Bank of India, Calcutta. The General Secretary himself however has not filed any power in the case to represent the workmen whose case has been taken up by the Central Bank of India Employees Association. No one else has appeared in the case on behalf of the workmen by filing any letter of authority. Management has been represented by two of their officers.

3. Since 15-6-1995 none appeared on behalf of the workmen even though the case had been adjourned from day to day. On 26-10-1995 the case was adjourned to 14-12-1995 affording the last chance to the workmen to lead evidence, if any, on their behalf but none appeared on behalf of the workmen on 14-12-1995 either.

